# अग्निवीरों को रेलवे में मिलेगा रोजगार

▸ सेना और रेलवे में सहयोग ढांचे के तहत समझौता

**नयी दिल्ली, 25 फरवरी . अग्निवीरों के पहले बैच की सेवा 2026 के आखिर में पूरी होने की संभावना के मद्देनजर भारतीय सेना ने उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर सुलभ कराने के लिए भारतीय रेल के साथ एक समझौता किया है.**

रेलवे ने सेना के साथ 'सहयोग ढांचे' के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों और पूर्व अग्निवीरों के लिए लेवल-1 और लेवल-2 तथा उससे उपर के पदों पर भर्ती के लिए आरक्षण के प्रावधान लागू किए हैं.



सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक एक पोस्ट में कहा कि सेना और रेलवे ने अग्निवीरों तथा सेवा निवृत सैनिकों को दोबारा रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए एक 'सहयोग ढांचे' पर सहमति व्यक्त की है. अतिरिक्त सार्वजनिक सूचना महानिदेशालय ने इसकी घोषणा करते हुए इस कदम को अंतर-मंत्रालयी सहयोग के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि बताया. 3 सेना और भारतीय रेल ने अग्निवीरों और सेना के जवानों के लिए अवकाश ग्रहण के बाद नौकरी के मौके मजबूत करने के लिए सहयोग का एक ढांचा तैयार किया है.

'अग्निपथ' भर्ती प्रक्रिया को जून 2022 में रक्षा मंत्री मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों की भर्ती प्रक्रिया में एक बतौर बड़े सुधार पेश किया था. इस योजना ने भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में युवाओं के लिए अल्पकालीन अनुबंध भर्ती प्रक्रिया शुरू किया, जो परंपरागत दीर्घकालीन सेवा भर्ती प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव था. इस ढ़ांचे के तहत उम्मीदवार को चार साल के लिए भर्ती किया जाता है और उन्हें 'अग्निवीर' नाम दिया जाता है. शुरुआत में इसमें साढ़े सत्रह साल की उम्र से 21 साल की उम्र तक के लोगों को बहाल किया जाता था.

# नितिन नवीन ने गांधी परिवार पर राष्ट्रीय हित से समझौता करने के लगाए आरोप

**पटना, 25 फरवरी.** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार पर राष्ट्रीय हित से समझौता करने के गंभीर आरोप लगाए. कांग्रेस की राजनीति व्यक्तिगत स्वार्थ और पार्टी हित को देशहित से ऊपर रखकर संचालित रही है.नितिन नवीन ने पंडित जवाहरलाल नेहरू पर 1954 में तिब्बत में भारत के अधिकार चीन को सौंपने का आरोप लगाया. इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस के चुनाव अभियानों में विदेशी फंडिंग और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से जुड़े रक्षा सौदों पर भी सवाल उठाए. राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे विदेशों में जाकर भारत के



खिलाफ बयान देते हैं और विदेशी ताकतों के प्रभाव में राजनीति करते हैं. भाजपा अध्यक्ष ने 2004-2014 के संप्रग शासनकाल का भी जिक्र करते हुए कहा कि उस समय वास्तविक सत्ता संरचना पर सवाल उठे थे और राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के माध्यम से समानांतर व्यवस्था चलने की बातें सामने आई थीं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐतिहासिक निर्णयों और अपने रुख को स्पष्ट करना चाहिए.

नितिन नवीन ने दावा किया कि जनता अब इन मुद्दों को समझ रही है और आने वाले समय में इसका राजनीतिक असर दिखेगा. इस बयान के साथ ही भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक टकराव और बढ़ गया है, क्योंकि यह टिप्पणी कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार पर लगाए जा रहे आरोपों के बीच आई है.


Aadhar Housing Finance Ltd

**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069

**संशोधन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक **31.01.2026** को इसी समाचार पत्र में **ई-नीलामी-बिक्री सूचना** शीर्षक से प्रकाशित विज्ञापन में ऋणी क्रं. 5 **अर्जुन धनगर (लोन कोड नं. 14400000184/ नीमच शाखा)** की संम्पत्ति की नीलामी दिनांक **07.03.2026**, को की जानी थी जिसे तकनीकी कारणों से वापस ले लिया/ निरस्त कर दिया गया है।

अन्य शेष विवरण यथावत रहेगा।

ह/-
**प्राधिकृत अधिकारी**


# बॉयफ्रेंड के सामने 7 दरिंदों ने महिला से किया गैंगरेप

**फिर खाते में ट्रांसफर कराए रुपए**

**पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**गुवाहाटी, 25 फरवरी. असम में 28 साल की महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है. यह वारदात उस वक्त हुई जब महिला अपने बॉयफ्रेंड के साथ शाम को बाहर घूमने गई थी.**

इतना ही नहीं, बदमाशों ने पीड़िता से अपने अकाउंट में 10 हजार रुपये ट्रांसफर करने के लिए मजबूर भी किया. पुलिस के मुताबिक वारदात 19 फरवरी की है. बुधवार को पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पीड़िता असम के सिलचर शहर से कुछ किमी दूर बाइपास रोड पर बॉयफ्रेंड के साथ कार में थी. तभी थार सवार कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया. उन्होंने दोनों से पता ठिकाना पूछा. फिर अचानक उनमें से कुछ लोगों ने महिला के बॉयफ्रेंड को पकड़ लिया. इसके बाद उसके बॉयफ्रेंड के सामने बारी-बारी से गैंगरेप किया. उधर, मामला सामने आने के बाद सिलचर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.


**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400069.
**शुजालपुर शाखा :** मकान नं. 17, वार्ड नं. 15, पंजाबी मोहल्ला, दिगम्बर जैन मन्दिर रोड, शुजालपुर, मण्डी शुजालपुर, म.प्र.-465333

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता (ओ)(शाखा का नाम) | धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 09110000054/ शुजालपुर शाखा) अकबर खान (ऋणी) सुलताना पति अकबर एवं सोहेल खान (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मकान नं 1031, बस स्टेण्ड अरनीया कलां, शुजालपुर आष्टा रोड़, वार्ड नं. 14 अरनीया कलां, शाजापुर मध्य प्रदेश 465333 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- हाइवे रोड़, पश्चिम- सुनील भारेवा का मकान, उत्तर- पब्लिक वे, दक्षिण- बद्रीप्रसाद जी का मकान | 06-06-2024 & ₹ 26,09,701/- | 24-02-2026 |

**स्थान : मध्य प्रदेश**
**दिनांक : 26-02-2026**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**



इंडियन बैंक Indian Bank | इलाहाबाद ALLAHABAD

**इंडियन बैंक,** बडवानी शाखा : 83/1, देवीसिंह मार्ग, रोटरी हाई स्कूल के पास, बड़वानी-451551

**विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई-नीलामी द्वारा)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/ 9(1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रुप से निम्न उल्लेखित ऋणी एवं जमानतदार को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी / प्रभारित की गई है, जिसका **सांकेतिक कब्जा** इंडियन बैंक (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, जिसे संपत्ति के ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार से इंडियन बैंक,सुरक्षित लेनदार को देय निम्न उल्लेखित राशि की वसूली हेतु **24.03.2026** को 'जैसा है जहां है', 'जैसा है वैसा है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर विक्रय किया जाएगा।
ई-नीलामी मोड के माध्यम से ब्रिकी के लिए रखी जाने वाली संपत्ति का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है:

| क्रं. | ऋणी/बंधककर्ता/ जमानतदार | संपत्ति का विस्तृत विवरण | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / सुरक्षित ऋण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **1. श्री अतुल पाटीदार पिता रमेश चंद्र पाटीदार** (आवेदक /बंधककर्ता) **पता :** मनोरम नगर बड़वानी (म.प्र.) पिन-451551 **2. श्रीमती हंसा पाटीदार पति रमेश चंद्र पाटीदार** (सह-आवेदक / बंधककर्ता) **पता :** मकान नं. 73 ग्राम अंजडीकोट तहसील मनावर जिला धार (म.प्र.)-454446 **शाखा : बड़वानी** | संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग जिसमें शामिल प्लॉट नंबर 5, वार्ड नंबर 4 सर्वे नं. 409/4 मनोरम नगर कॉलोनी, सेंट मैरी स्कूल के पास, तहसील एवं जिला बड़वानी (म.प्र.) 451551 **कुल क्षेत्रफल**-800 वर्गफीट या 74.322 वर्गमीटर, रजिस्ट्रेशन सब-डिवीजन बड़वानी एवं जिला बड़वानी-451551 के अंतर्गत **चर्तुसीमा**: उत्तर : - प्लॉट नंबर 6, दक्षिण : - प्लॉट नंबर 4, पूर्व : - कॉलोनी रोड, पश्चिम : - एकलव्य नगर कॉलोनी **(प्रापर्टी आईडी ): IDIB6642101290** | 01.09.2025 / 15.12.2025 / Rs 8,52,219/- दि. 20.02.2026 तक / प्रापर्टी लोकेशन | Rs. 15,66,000/- / Rs. 1,56,600/- / Rs.10,000/- |

उपरोक्त संपत्तियों पर भार : कुछ नहीं
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 24.03.2026 को दोप. 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक**
बोलीदाताओं को ऑनलाईन बोली में भाग लेने के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता PSB Alliance Pvt. Ltd की वेबसाइट **(https://baanknet.com)** पर जाने की सलाह दी जाती है। तकनीकी सहायता के लिए कृपया PSB Alliance Pvt. Ltd Helpdesk No. 8291220220, email ID'- **support.baanknet@psballiance.com** एवं सेवा प्रदाता हेल्प डेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्प लाइन नंबरों पर कॉल करें। PSB Alliance Pvt. Ltd के साथ पंजीकरण की स्थिति और ईएमडी की स्थिति के लिए कृपया **support.baanknet@psballiance.com** पर संपर्क करें।
संपत्ति विवरण और संपत्ति की तस्वीर व नीलामी के नियम एवं शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com** देखें एवं इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण के लिए, कृपया हेल्प लाइन नंबर '**Helpdesk No.8291220220** पर संपर्क करें।
बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे **https://baanknet.com** की वेबसाइट में संपत्ति की खोज करते समय उक्त उल्लेखित संपत्ति आईडी नंबर का उपयोग करें।

**स्थान: इन्दौर**
**दिनांक : 21-02-2026**

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**इंडियन बैंक**



इंडियन बैंक Indian Bank | इलाहाबाद ALLAHABAD

**इंडियन बैंक,** बडवानी शाखा : 83/1, देवीसिंह मार्ग, रोटरी हाई स्कूल के पास, बड़वानी-451551

**विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई-नीलामी द्वारा)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/ 9(1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रुप से निम्न उल्लेखित ऋणी एवं जमानतदार को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी / प्रभारित की गई है, जिसका **सांकेतिक कब्जा** इंडियन बैंक (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, जिसे संपत्ति के ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार से इंडियन बैंक,सुरक्षित लेनदार को देय निम्न उल्लेखित राशि की वसूली हेतु **11.03.2026** को 'जैसा है जहां है', 'जैसा है वैसा है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर विक्रय किया जाएगा।
ई-नीलामी मोड के माध्यम से ब्रिकी के लिए रखी जाने वाली संपत्ति का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है:

| क्रं. | ऋणी/बंधककर्ता/ जमानतदार | संपत्ति का विस्तृत विवरण | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / सुरक्षित ऋण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **1. श्री मुकेश बडके पिता श्री नवरतन बडके** (आवेदक / प्रोप्राईटर / बंधककर्ता) **2. श्री राहुल बडके पिता श्री नवरतन बडके** (सह-आवेदक / बंधककर्ता / जमानतदार) **3. श्रीमती निशा बडके पिता श्री नवरतन बडके** (सह-आवेदक / बंधककर्ता / जमानतदार) **सभी निवासी:** म.नं. 210/4, बी-1, मनिहार मोहल्ला, वार्ड नं. 11, अम्बेडकर मार्ग, एस.एम.नं. 81, बडवानी-451551 **शाखा : बड़वानी** | संपत्ति के समस्त एवं शेष भाग,म.नं. 210/4, बी-1, मनिहार मोहल्ला, वार्ड नं. 11, अम्बेडकर मार्ग, एस.एम.नं. 81, बडवानी-451551, क्षेत्रफल 1695.75 वर्गफीट, पंजीकरण उप जिला बड़वानी एवं जिला बड़वानी-451551 **चर्तु:सीमा:** उत्तर: पब्लिक रोड, चमार मोहल्ला, दक्षिण: पब्लिक मनिहार, मोहल्ला, पूर्व: मुकीम का मकान, पश्चिम: कैलाश चन्द्र गुप्ता का मकान **(प्रापर्टी आईडी ): IDIB3146248741** | 30.09.2023 / 18.12.2023 / Rs.40,40,445/- दि. 20.02.2026 तक / प्रापर्टी लोकेशन | Rs. 40,50,000/- / Rs. 4,05,000/- / Rs.10,000/- |

उपरोक्त संपत्तियों पर भार : कुछ नहीं
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 11.03.2026 को दोप. 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक**
बोलीदाताओं को ऑनलाईन बोली में भाग लेने के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता PSB Alliance Pvt. Ltd की वेबसाइट **(https://baanknet.com)** पर जाने की सलाह दी जाती है। तकनीकी सहायता के लिए कृपया PSB Alliance Pvt. Ltd Helpdesk No. 8291220220, email ID'- **support.baanknet@psballiance.com** एवं सेवा प्रदाता हेल्प डेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्प लाइन नंबरों पर कॉल करें। PSB Alliance Pvt. Ltd के साथ पंजीकरण की स्थिति और ईएमडी की स्थिति के लिए कृपया **support.baanknet@psballiance.com** पर संपर्क करें।
संपत्ति विवरण और संपत्ति की तस्वीर व नीलामी के नियम एवं शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com** देखें एवं इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण के लिए, कृपया हेल्प लाइन नंबर '**Helpdesk No.8291220220** पर संपर्क करें।
बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे **https://baanknet.com** की वेबसाइट में संपत्ति की खोज करते समय उक्त उल्लेखित संपत्ति आईडी नंबर का उपयोग करें।

**स्थान: इन्दौर**
**दिनांक : 21-02-2026**

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**इंडियन बैंक**




# 500 एकड़ में बनेगी 'जापान इंडस्ट्रियल सिटी' : सीएम योगी

▸ निवेश और औद्योगिक सहयोग को लेकर घोषणाएं

▸ जापान इंडस्ट्रियल सिटी' विकसित की जा रही

**टोक्यो, 25 फरवरी.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान दौरे के दौरान निवेश और औद्योगिक सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं. उन्होंने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जापानी निवेशकों के लिए विशेष 'जापान इंडस्ट्रियल सिटी' विकसित की जा रही है.

यह इंडस्ट्रियल सिटी लगभग 500 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगी और इसका उद्देश्य जापान की कंपनियों को विश्वस्तरीय औद्योगिक ढांचा उपलब्ध कराना है. मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योग प्रतिनिधियों को औपचारिक रूप से प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया. मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल माहौल प्रदान कर रही है. उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्षों में प्रदेश में 16 घरेलू और 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का संचालन शुरू हुआ है, जिससे कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है. खासकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जो भारत का सबसे बड़ा बनने जा रहा है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई गति देगा.

इसके आसपास 27 बिजनेस पार्क विकसित किए जाएंगे, जो हजारों रोजगार के अवसर सृजित करेंगे और वैश्विक कंपनियों के लिए निवेश का बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान की कई कंपनियों ने नोएडा क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई है और कुछ ने निवेश भी किया है. ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में देश-विदेश की कंपनियां लगातार संपर्क में हैं. प्रदेश सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के सिद्धांत पर काम कर रही है और निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है .सिंगापुर दौरे के बाद यह जापान दौरा उत्तर प्रदेश को एशियाई निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.


**कार्यालय नगर परिषद कुक्षी जिला धार (म. प्र.)**

क्रमांक / 406/रा. शा. / 2026 | Email -cmokukshi@mpurban.gov.in | कुक्षी, दिनांक 23/02/2026

**:: निलामी विज्ञप्ति ::**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद कुक्षी द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु बाजार बैठक फीस वसूली एवं पशु पंजीयन फीस वसूली ठेका की खुली आम निलामी बोली निचे उल्लेखित दिनांक को पृथक-पृथक की जाना है :-

| क्र. | राजस्व मदो का नाम | अमानत राशि | निलामी दिनांक व समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | बाजार बैठक शुल्क वसूली | 50,000/- | दिनांक 13/03/2026 समय- 12:30 बजे | नगर परिषद कार्यालय प्रांगण |
| 2 | पशु पंजीयन शुल्क वसूली | 50,000/- | | |

अतः इच्छुक व्यक्ति निर्दिष्ट समय व स्थान पर उपस्थित होकर निर्धारित अमानत दिनांक 13/03/2026 को कार्यालयीन समय पर राशि-50,000/- (पचास हजार रू.) पृथक-पृथक ठेके की जमा कर निलामी बोली में भाग ले सकते है।

नोटः- 01. बाजार बैठक एवं पशु पंजीयन ठेके की पृथक-पृथक अमानत राशि जमा कराना होगी।
02. निलामी बोली की संपूर्ण राशि बोली स्वीकृति के 03 दिवस के अंदर संपूर्ण राशि निकाय में जमा किया जाना अनिवार्य होगा, नियत समयावधि में प्रथम बोलीदार द्वारा राशि जमा नहीं किये जाने पर द्वितीय बोलीदार की बोली उचित होने पर स्वीकृत की जावेगी।
03. विगत वर्षो में डिफाल्टर रहे ठेकेदार उक्त निलामी बोली में भाग नहीं ले सकेगे।
04. निलामी संबंधी समस्त आवश्यक शर्तें कार्यालय की राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनो को छोड़कर देखी जा सकती है।

**(श्रीमती रेलम चौहान)** अध्यक्ष नगर परिषद कुक्षी जिला धार
**(श्री विजय सिटोले)** अध्यक्ष नगर परिषद कुक्षी जिला धार
**(मयाराम सोलंकी)** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद कुक्षी जिला धार


# इंडिगो के विमान में पांच घंटे तक फंसे रहे 200 यात्री

**नई दिल्ली, 25 फरवरी. देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई है. चेन्नई में इंडिगो एयरलाइंस के यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा. इसके बाद यात्रियों ने एयरपोर्ट पर भारी हंगामा किया.**

चेन्नई से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट में सवार 200 से अधिक यात्रियों को करीब पांच घंटे तक विमान के अंदर ही बैठे रहने के लिए मजबूर किया गया. उन्होंने जानकारी के अभाव और एयर कंडीशनिंग की समस्या को लेकर भी नाराजगी जताई. यात्रियों और एयरलाइन कर्मचारियों के साथ तीखी बहस हो गई. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. स पूरे घटनाक्रम में इंडिगो ने एक बयान जारी किया है.

कंपनी ने कहा कि एक मामूली तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद फ्लाइट 6ई 1025




को वापस विमान डिपो में लौटना पड़ा. निरीक्षण और रखरखाव प्रक्रिया के दौरान, ऑपरेटिंग कॉकपिट क्रू ने निर्धारित उड़ान समय सीमा का उल्लंघन किया जिसके कारण क्रू बदलना अनिवार्य हो गया और अतिरिक्त देरी हुई.

असुविधा के लिए एयरलाइंस ने जताया खेद- एयरलाइंस ने बताया कि हमें अपने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है और हमने जलपान की व्यवस्था करके और समय पर अपडेट साझा करके इसे कम से कम करने का हर संभव प्रयास किया. इंडिगो में हमारे यात्रियों और क्रू की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है.


**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**(उद्यान विभाग सिविल मुख्यालय)**
E-mail: gardendepartmentcivil@gmail.com

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 43/उ.सिविल/ 25-26/जी-01-21 | **निविदा आमंत्रण** | **दिनांक:** 23.02.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Building, Road & Bridge, SOR/ NON SOR), DATE 02.08.2021 पर आधारित ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर आईडी | कार्य का नाम | कार्य की समयवधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_484522_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-2026 के अन्तर्गत झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 एवं 78 में स्थित उद्यानों में आवश्यक सिविल कार्य एवं रंगाई पुताई करने बाबद। | 120 दिवस ₹19,47,594/- | ₹ 2,000/- ₹14,650/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 02 | 2026_UAD_484526_1 | आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-2026 को दृष्टिगत रखते हुए झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 43 के अन्तर्गत आने वाले उद्यान (मन पसन्द गार्डन कम्युनिटीहॉल पलासिया रूपायतन न्यू पलासिया दंबंग दुनिया के सामने अनूप नगर सेक्टर एन अनूप नगर ए.बी.रोड़ अनूप नगर महावीर उद्यान श्री नगर एक्सटेंशन पानी की टंकी श्री नगर मेंन ट्रेकोन श्री नगर रेखा गांधी बीमा नगर कम्युनिटी हॉल बीमा नगर गार्डन सांघी कॉलोनी बैकुण्डधाम बासकेट बाल गार्डन पलासिया) में सौन्दर्यीकरण रंगाई पुताई एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹29,36,196/- | ₹5,000/- ₹22,100/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 03 | 2026_UAD_484529_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-2026 के अन्तर्गत झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 33 के अन्तर्गत आने वाले उद्यानों में आवश्यक संधारण एवं मरम्मत कार्य करना। | 120 दिवस ₹12,55,756/- | ₹ 2,000/- ₹9,500/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 04 | 2026_UAD_484533_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-2026 के अन्तर्गत झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 34 के अन्तर्गत आने वाले उद्यानों में आवश्यक संधारण एवं मरम्मत कार्य करना। | 120 दिवस ₹12,19,870/- | ₹2,000/- ₹9,200/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 05 | 2026_UAD_484538_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-2026 के अन्तर्गत झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 के विभिन्न उद्यानों में आवश्यक सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹18,36,636/- | ₹ 2,000/- ₹13,800/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 06 | 2026_UAD_484541_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-2026 के अन्तर्गत झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 47 के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न उद्यानों में आवश्यक संधारण एवं मरम्मत कार्य करना एवं सौदर्यीकरण का कार्य करना। | 120 दिवस ₹14,97,581/- | ₹ 2,000/- ₹11,300/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 07 | 2026_UAD_484551_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-2026 के अन्तर्गत झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 44 में उद्यानों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अन्तर्गत रंगाई पुताई करना एवं अन्य आवश्यक सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹23,83,494/- | ₹5,000/- ₹17,900/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 08 | 2026_UAD_484555_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-2026 के अन्तर्गत झोन क्र. 3 वार्ड क्र. 57 एवं 58 में आने वाले उद्यानों की रंगाई पुताई आवश्यक सिविल कार्य एवं सौन्दर्यीकरण करना। | 120 दिवस ₹14,95,741/- | ₹ 2,000/- ₹11,250/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 09 | 2026_UAD_484558_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र. 22 वार्ड क्रमांक 36 के अन्तर्गत उद्यानों में आवश्यक रंगाई पुताई एवं सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹15,17,250/- | ₹ 2,000/- ₹11,400/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 10 | 2026_UAD_484561_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते झोन क्र.10 वार्ड क्र. 40 के अन्तर्गत आने वाले सूचीबद्ध उद्यान में सौदर्यीकरण (रंगाई-पुताई) एवं अन्य आवश्यक सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹15,97,260/- | ₹2,000/- ₹12,000/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 11 | 2026_UAD_484569_1 | आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 49 के आने वाले सूचीबद्ध उद्यान में सौन्दर्यीकरण रंगाई पुताई एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹28,84,486/- | ₹5,000/- ₹21,650/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 12 | 2026_UAD_484581_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 67 में आने वाले विभिन्न उद्यानों में आवश्यक सिविल संधारण कार्य एवं रंगाई पुताई का कार्य करना। | 120 दिवस ₹10,67,554/- | ₹2,000/- ₹8,100/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 13 | 2026_UAD_484595_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 31 के उद्यानों में आवश्यक रंगाई पुताई एवं सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹14,22,790/- | ₹2,000/- ₹10,700/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 14 | 2026_UAD_484598_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र.15 वार्ड क्र. 72 में आने वाले विभिन्न उद्यानों में सिविल कार्य एवं अन्य आवश्यक संधारण कार्य करना। | 180 दिवस ₹23,35,473/- | ₹ 5,000/- ₹17,550/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 15 | 2026_UAD_484602_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु झोन क्र.18 वार्ड क्र. 51 के अन्तर्गत आने वाले उद्यानों में सौदर्यीकरण एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। | 120दिवस ₹10,77,801/- | ₹ 2,000/- ₹8,100/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 16 | 2026_UAD_484605_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 71 में आने वाले विभिन्न उद्यानो में सिविल कार्य एवं आवश्यक संधारण कार्य करने बाबद। | 120 दिवस ₹18,30,271/- | ₹ 2,000/- ₹13,750/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 17 | 2026_UAD_484610_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 27 में आने वाले विभिन्न उद्यानो में आवश्यक सिविल संधारण कार्य एवं रंगाई पुताई का कार्य करना। | 120 दिवस ₹12,61,069/- | ₹ 2,000/- ₹9,500/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 18 | 2026_UAD_484611_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 झोन क्र. 20 वाड क्र. 04 के अन्तर्गत स्थित चिन्हीत उद्यानों में ब्यूटिफिकेशन हेतु रंगाई पुताई मरम्मत एवं अन्य आवयश्क सिविल कार्य करना। | 180 दिवस ₹20,20,443/- | ₹ 5,000/- ₹15,200/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 19 | 2026_UAD_484615_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 झोन क्र. 4 वार्ड क्र. 13 में स्थित उद्यानों पर आवश्यक संधारण कार्य करना। | 120 दिवस ₹15,47,992/- | ₹ 2,000/- ₹11,650/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 20 | 2026_UAD_484621_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 29 के अन्तर्गत आने वाले उद्यानों में आवश्यक संधारण एवं मरम्मत कार्य करना। | 120दिवस ₹13,93,527/- | ₹ 2,000/- ₹10,500/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |
| 21 | 2026_UAD_484623_1 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 83 में आने वाले विभिन्न उद्यानों में सिविल कार्य एवं अन्य आवश्यक संधारण कार्य करना। | 120 दिवस ₹13,39,013/- | ₹ 2,000/- ₹10,100/- | 10.03.2026 6.00 PM 12.03.2026 |

**नोट :** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in/** की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**कार्यपालन यंत्री**
**उद्यान सिविल**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**